हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 अक्टूबर 2025

12 दिवाली त्योहार की रोशनी में मिठास का अहसास



13 5 नहीं 6 दिनों तक दीपोत्सव दिवाली 20 व 21 दो दिन















## खबर संक्षेप


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

### डिस्पले बोर्ड व दीया डेकोरेशन में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में शुक्रवार को दिवाली के उपलक्ष्य पर डिस्प्ले बोर्ड डेकोरेशन, दीया डेकोरेशन और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपने कला कौशल और कल्पनाशक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर दीपों, रंगोली और बोर्ड सजावट के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पहली कक्षा से यक्ष प्रथम, रूद्र शर्मा द्वितीय व गरिमा तृतीय रही। दूसरी कक्षा से नायरा को प्रथम, निशान को द्वितीय और सृष्टि व अमन को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। तीसरी कक्षा से मयंक प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय और हर्षिता तृतीय रही। चौथी कक्षा से माधवी प्रथम, सक्षम द्वितीय व समक्ष कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छठी कक्षा में दिव्यांशी को पहला, पलक व भूमिका को संयुक्त रूप से दूसरा व शगुन को तीसरा स्थान मिला। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह की सराहना करते हुए प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

*इमरती, लड्डू, बर्फी और चमचम के आकार की स्वदेशी मोमबत्तियां खूब भा रही*

# दिवाली त्योहार की रोशनी में मिठास का अहसास, मिठाई जैसी मोमबत्तियां आईं


झज्जर। इमरती व बर्फी वाली मोमबत्ती दिखाते हुए विक्रेता राज सिंह। फोटो : हरिभूमि


झज्जर। फूलों व सजावटी सामान से सजी स्टॉलें। फोटो :हरिभूमि

**अब चाइनीज आइटम छोड़कर देसी वस्तुएं खरीदना पसंद कर रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दीपावली का त्योहार आते ही बाजारों में सजावट, रोशनी और खुशियों का माहौल छा गया है। इस बार दीपावली सजावट में एक अनोखा ट्रेंड देखने को मिल रहा है। वह यह है कि अब दीयों और मोमबत्तियों में भी मिठास का अहसास हो रहा है। बाजारों में ऐसी आकर्षक मोमबत्तियां बिक रही हैं, जो देखने में बिल्कुल मिठाइयों जैसी नजर आती हैं। कहीं इमरती और लड्डू जैसी आकृतियां हैं तो कहीं बर्फी और चमचम के रूप में सजी मोमबत्तियां ग्राहकों को लुभा रही हैं। मोमबत्ती विक्रेता राज सिंह ने बताया कि उनके यहां अस्सी रुपये से सौ रुपये तक की पैकिंग में ये मिठाई की आकार की मोमबत्तियां उपलब्ध हैं। इनकी सबसे खास बात यह है कि ये पूरी तरह स्वदेशी उत्पाद हैं। लोग अब चाइनीज आइटम छोड़कर देसी वस्तुएं खरीदना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाजारों में इन मोमबत्तियों के साथ-साथ फूलों के डिजाइन वाले पारंपरिक दीये व पुष्प गुच्छ वाली लड़ियां एवं बल्ब भी उपलब्ध हैं। ग्राहक इन्हें न केवल घर सजाने के लिए, बल्कि उपहार के रूप में देने के लिए भी खरीद रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार दीपावली में स्वदेशी उत्पादों और रचनात्मकता का संगम देखने को मिल रहा है, जिसने त्योहार की रौनक को और बढ़ा दिया है।

**सेल लगाकर भी बेचा जा रहा माल**

दुकानदारों द्वारा विभिन्न उत्पादों की सेल लगाकर भी ग्राहकों को आकर्षिक किया जा रहा है। बाजार में जगह-जगह जूते-चप्पल, पेंट-शर्ट, महिलाओं के लिए साड़ी व सूट, जूतियों की सेल दुकानदारों द्वारा लगाई गई है। सेल वाली दुकानों पर तीन सौ से चार सौ रुपये में सूट व साड़ी, एक सौ से दो सौ रुपये में जूतियां, दो सौ रुपये में जूते, तीन से पांच सौ रुपये में पेंट व शर्ट उपलब्ध है।


झज्जर। आकर्षक लाइटों से सजा शहर का अंबेडकर चौक। फोटो :हरिभूमि

**शहर के चौक-चौराहे हुए जगमग**

**झज्जर।** दीवाली पर्व के चलते जहां बाजार व दुकानों पर रोशनी की चकाचौंध है वहीं शहर के प्रमुख चौक-चौराहे भी रोशनी से जगमग हैं। नगर परिषद द्वारा की गई इस पहल की सराहना शहर के लोगों द्वारा की गई है। नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने बताया कि अबकी बार परिषद द्वारा शहर के चौक-चौराहों को रोशनी से चमकाया गया है। इसके चलते शहर के अंबेडकर चौक, राव तुलाराम चौक, भगत सिंह चौक, छिकारा चौक, पंचनद चौक, महाराजा अग्रसेन चौक आदि पर लड़ियां लगाकर जहां उन्हें जगमग कर दिया गया है।

## न्यूज डायरी

### पुलिस कमिश्नर ने जवानों संग मनाया दीपावली पर्व


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान अपनी बात रखते हुए पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह।

**झज्जर।** शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने पुलिस के जवानों के साथ दीपावली पर्व मनाकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा में दिन-रात तत्पर रहते हैं और जवानों के कारण ही आमजन निश्चिंत होकर त्योहार मना पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ने का प्रतीक है और पुलिस बल हमेशा समाज में सुरक्षा व विश्वास का दीप जलाता रहा है और आगे भी जलाता रहेगा। उन्होंने पुलिस जवानों और अधिकारियों में मिठाई भी वितरित की। इस दौरान डीसीपी हेडक्वार्टर जसलीन कौर सहित अन्य भी मौजूद रहे।

### रणजी ट्रॉफी में झज्जर के दो खिलाड़ियों ने दिखाया कमाल, हरियाणा को मिली जीत

**बहादुरगढ़।** रणजी ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रेलवे को 96 रनों से हरा दिया। टीम की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने खुशी जताई है। हरियाणा की टीम में झज्जर के भी दो खिलाड़ी यशवर्धन दलाल व लक्ष्य दलाल शामिल हैं। दरअसल, गुजरात के सूरत स्थित ग्राउंड में 15 अक्टूबर को यह मैच शुरू हुआ था। हरियाणा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। पहली पारी में हरियाणा ने 171 रन बनाए। पार्थ वत्स ने 52 तो टांडाहेड़ी गांव के लक्ष्य दलाल ने 29 रनों का योगदान दिया। जवाब में रेलवे की पहली पारी 128 पर ढेर हो गई। हरियाणा ने अपनी दूसरी पारी में 205 रन बनाए, जबकि रेलवे की टीम 152 पर सिमट गई। इस तरह से हरियाणा की टीम ने चार दिन के मैच को तीन दिन में ही शुक्रवार को 96 रनों से जीत लिया। इस टीम में झज्जर जिले के गांव टांडाहेड़ी के लक्ष्य दलाल व झज्जर के यशवर्धन दलाल भी शामिल हैं। दोनों होनहार खिलाड़ी हैं। फिलहाल लक्ष्य ओपनर तथा यशवर्धन दलाल विकेट कीपर की भूमिका में खेल रहा है। क्रिकेट प्रेमियों ने हरियाणा की जीत पर खुशी जताई है।

### विजेता पहलवानों का किया स्वागत


बहादुरगढ़। दीपक व प्रवीण राठी का स्वागत करते रमेश राठी व अरुण नांदल।

**बहादुरगढ़।** पंडित लख्मीचंद धर्मशाला में हुई राज्यस्तरीय ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में करीब 250 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। बहादुरगढ़ के दीपक राठी और प्रवीन राठी ने अपने भारवर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त कर शहर का नाम रोशन किया। शुक्रवार को चेयरपर्सन सरोज राठी के कार्यालय में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर ईओ अरुण नांदल और चेयरपर्सन प्रतिनिधि रमेश राठी भी मौजूद रहे। दीपक राठी ने 84 किलो भारवर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि उनके छोटे भाई प्रवीण राठी ने 62 किलो भारवर्ग में नो-गी और गी दोनों श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### दीपावली पर हुई सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता


बहादुरगढ़। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते सत्येंद्र दहिया। फोटो :हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** शहर के एक कोचिंग सेंटर में दीपावली के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सत्येंद्र दहिया ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें सरकारी नौकरी की तैयारी में भी लाभदायक सिद्ध होती हैं। प्रतियोगिता अंग्रेजी, गणित व सामान्य ज्ञान विषयों पर आधारित थी। सेंटर के विद्यार्थियों को दो टीमों में विभाजित किया गया। विजेता टीम बी को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## क्विज स्पर्धा में एचडी साल्हावास जिले में प्रथम

***छात्रा वैशाली ने अंग्रेजी भाषण में जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। होनहार प्रतिभागी विद्यालय स्टॉफ सदस्यों के साथ। फोटो :हरिभूमि

एचडी साल्हावास ने हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद के तत्वावधान में जिलास्तरीय बाल महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मनोज शर्मा ने बताया कि बाल भवन में तीन ही क्विज प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं और विद्यालय की तीनों ग्रुपों की क्विज टीमों ने पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्रा वैशाली ने अंग्रेजी भाषण में जिले भर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ग्रुप-टू में चार्वी व यशवी ने क्विज स्पर्धा में पहला, ग्रुप-थ्री में विशेष जाखड़ व साधना जाखड़ और ग्रुप-4 में अंशु व भूमिका ने भी अपने-अपने ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों के उम्दा प्रदर्शन पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा एवं हेमंत गुलिया, प्राचार्य सतबीर सिंह ने होनहार प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वदेशी अपनाकर भारत को आत्मनिर्भर बनाएं : डॉ. जैन

*समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में ठोस कदम उठाने का अवसर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। आमजन से स्वदेशी उत्पाद खरीदने की अपील करते डॉ. पंकज जैन।

वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. पंकज जैन ने आमजन से आह्वान किया कि वे इस दीपावली पर स्वदेशी अपनाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में डॉ. पंकज जैन ने कहा कि यह समय केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में ठोस कदम उठाने का अवसर है।

डॉ. पंकज जैन ने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प तभी साकार होगा, जब हम विदेशी वस्तुओं की बजाय मेड इन इंडिया उत्पादों को प्राथमिकता देंगे।

**दीपावली पर लोकल फॉर वोकल का संकल्प लें**

दीपावली प्रकाश और खुशियों के त्योहार के साथ राष्ट्र निर्माण, आर्थिक मजबूती और स्थानीय उद्योगों के उत्थान का प्रतीक है। डॉ. पंकज जैन ने कहा कि यदि हर नागरिक अपने आसपास के बाजारों, स्थानीय दुकानदारों और छोटे निर्माताओं से खरीदारी करेगा तो न केवल उनकी आजीविका मजबूत होगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था में भी नई ऊर्जा का संचार होगा। डॉ. पंकज जैन ने लोगों से अपील की कि वे इस दीपावली लोकल फॉर वोकल का संकल्प लें और अपने भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने में योगदान दें।

### ब्राह्मण महासभा के नए भवन के लिए कार्यक्रम आयोजित


**झज्जर।** ब्राह्मण महासभा द्वारा शुक्रवार को नए भवन निर्माण के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में डीघल 17 खाप के प्रधान सत्यनारायण शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने नए भवन के लिए इक्यावन हजार रुपये की दान राशि देने की घोषणा करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे इस प्रकार के सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करें। महासभा के प्रधान राज देवरखाना व महासचिव पंडित संत सुरेहती ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष बालकिशन, कार्यालय सचिव धर्मवीर, वरिष्ठ उपप्रधान कुलदीप डावला, उपप्रधान रविंद्र, सुभाष, योगेश, मनीष शर्मा नंबरदार, दयानंद, पंडित शिव नारायण शर्मा, पूर्व प्राचार्य डॉक्टर जेएन शर्मा, प्रोफेसर डॉक्टर दलबीर कौशिक, जयभगवान सिलानी, जयपाल, अजय सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## चरण सिंह राठी बने इनेलो खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव

**इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी का आभार प्रकट किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कोच चरण सिंह राठी को बधाई देते भूपेंद्र राठी व अन्य।

इनेलो खेल प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्यकारिणी गठित की गई है। गांव सराय औरंगाबाद निवासी कोच चरण सिंह राठी को खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश भारती, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, आदित्य देवीलाल चौटाला, खेल प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. नरेंद्र मोर व इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शीला नफे सिंह राठी का आभार प्रकट किया है।

**गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया व बधाई दी**

इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने कोच चरण सिंह राठी का शुक्रवार को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया व बधाई दी। कोच चरण सिंह राठी ने कहा कि इनेलो द्वारा उन्हें सौंपी गई जिम्मेवारी वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। अतीत में भी इनेलो सरकार में खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए खेल नीति बनाई गई थी। उसी तर्ज पर भविष्य में भी इनेलो सरकार आने के बाद खेल व खिलाड़ियों के हित में सरकार कदम उठाएगी। इस मौके पर शहरी जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, जिला सचिव बलबीर सांगवान, मास्टर दिलीप सिंह, गोलू सराय, सोनू सैनी, पार्षद प्रतिनिधि नरेंद्र राठी आदि ने कोच चरण सिंह राठी को बधाई दी।

### हाईजंप व 100 मीटर रेस में एचडी स्कूल की छात्रा विद्या रही प्रथम

**झज्जर।** राजीव गांधी खेल स्टेडियम साल्हावास में अंडर-11 आयु वर्ग की छात्राओं के लिए स्कूली गेम्स का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास के प्राचार्य कमल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिताओं की शुरूआत की। कबड्डी, कुश्ती, खो-खो व दौड़ प्रतियोगिताएं कराई गई। प्रतियोगिता परिणामों में 100 व 400 मीटर में रेस में राजकीय प्राथमिक पाठशाला साल्हावास की छात्रा परी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस व हाई जंप प्रतियोगिता में एचडी स्कूल साल्हावास की छात्रा विद्या को पहला स्थान मिला। कबड्डी में रिलायंस स्कूल गिरधरपुर व खो-खो प्रतियोगिता में बीएसएम स्कूल तुंबाहेड़ी ने पहला स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। डीपीई नरेश कुमार, राकेश कुमार, राजकुमार, जय भगवान, पवन कुमार, पीटीआई संजय कुमार, सुनीता व महेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



## दीपिका रानी को मिली डॉक्टर की उपाधि


झज्जर। दीक्षांत समारोह में डॉक्टर की उपाधि लेते हुए प्रवक्ता दीपिका रानी।

- डॉ. दीपिका रानी को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

डीएच लारेंस कॉलेज ऑफ एजुकेशन फॉर वुमन में कार्यरत प्रवक्ता दीपिका रानी को डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया गया। कॉलेज के चेयरमैन रमेश रोहिल्ला ने बताया कि डॉक्टर दीपिका रानी को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान डॉक्टर की उपाधि से सम्मानित किया। इस उपलब्धि उन्होंने स्टॉफ सदस्यों को बधाई देते हुए डॉक्टर दीपिका रानी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**दीया सजावट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तीसरी कक्षा से प्रिया रही प्रथम**

# दीया सजावट व रंगोली में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

न्यूटन स्कूल में दिवाली पर्व के उपलक्ष्य में दीया सजावट व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्याध्यापिका उर्मिल बेनीवाल ने बताया कि दीया सजावट प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में तीसरी कक्षा से प्रिया ने प्रथम, हितेन ने द्वितीय व शौर्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार चौथी कक्षा से अंकिता, प्रतीक व आयुष, पांचवीं कक्षा से भव्य, नितिन व पार्थ क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सीनियर वर्ग में छठी कक्षा से गजल को पहला, जितिन को दूसरा, भूमि व नाविक को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। सातवीं कक्षा में दीपिका, राधिका व रीतिक क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। आठवीं कक्षा में सुखमीत ने पहला, वंशिका ने दूसरा, भीजल व राहुल ने तीसरा पुरस्कार जीता। नौवीं कक्षा से आशी ने प्रथम, डिम्पी व शिवानी ने द्वितीय, मनस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दसवीं कक्षा से हिमांशी को प्रथम, महक को द्वितीय, जस व ईशा को तृतीय स्थान मिला। रंगोली प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में अरावली सदन ने प्रथम, हिमालय व शिवालिक सदन ने द्वितीय, विंध्याचल सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में विंध्याचल सदन प्रथम, हिमालय व अरावली सदन द्वितीय तथा शिवालिक सदन तृतीय रहा। विद्यालय निदेशक बालेश कादियान, मनोज भारद्वाज, अश्वनी खासा व स्कूल प्रबंधक रोहताश सिंह द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**बाल विकास स्कूल में मनाया दीपदान उत्सव**




**बहादुरगढ़।** शहर के बाल विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इस्कॉन मंदिर की ओर से दीपदान उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को दीपों की रोशनी से सजाया गया। दिवाली मेला भी आयोजित किया गया। जिसमें बर्गर, गोलगप्पे, शिकंजी, कोल्ड कॉफी सहित विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। बच्चों के मनोरंजन के लिए कई गेम स्टॉल भी आकर्षण का केंद्र बने। चारों हाउसों के बीच रंगोली प्रतियोगिता हुई। इसमें सत्य हाउस के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल डायरेक्टर एडवोकेट प्रवीण छिल्लर, डॉ सीमा छिल्लर व प्रधानाचार्या डॉ पूनम चौधरी ने दीपावली के पावन पर्व की मंगलकामनाएं दीं।

## खबर संक्षेप

### पटाखों पर लगाया प्रतिबंध किया निरस्त



**झज्जर।** जिले की सीमा में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी आदेश संख्या 807/पीएलबी 10 अक्टूबर 2025 के माध्यम से पटाखों के विनिर्माण, भंडारण, बिक्री तथा फोड़ने पर लगाए गए पूर्ण प्रतिबंध संबंधी आदेशों को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया गया है। जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल द्वारा जारी आदेश के अनुसार, उक्त पूर्व आदेश अब प्रभावहीन हो गए हैं।

### धनतेरस पर करा सकते हैं प्लाटों की रजिस्ट्री

**झज्जर।** जिलेभर में मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के पात्र लाभार्थी शनिवार को अपने प्लाटों की रजिस्ट्री करवा सकते हैं। इसके लिए, तहसील व उपतहसील कार्यालय शनिवार को खुले रहेंगे। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों के लिए प्लाटों की रजिस्ट्री के लिए कार्यालय खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे पात्र लाभार्थियों के लिए धनतेरस पर तहसील व उप तहसील कार्यालय खुले रहेंगे। पात्र लाभार्थी अपने प्लाटों की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी करवा सकते हैं।

### ओपन स्कूल की परीक्षा को लेकर धारा 163 लागू

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नेशनल ओपन स्कूल की माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक व वोकेशनल कोर्सों की परीक्षाओं के मद्देनजर आगामी 18 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू की है। माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक व वोकेशनल कोर्स की परीक्षा आगामी 18 नवंबर तक दोपहर 2.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक आयोजित होंगी। उन्होंने परीक्षा को लेकर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में बिना उद्देश्य निर्धारित संख्या से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने व फोटोस्टेट की दुकानों की दुकानों के संचालन पर मनाही के आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों की उल्लंघना करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## 'दो-दो दिन दिवाली'
## विद्वानों में त्योहार की तारीख को लेकर संशय

# इस बार 5 नहीं 6 दिनों तक दीपोत्सव
# दिवाली 20 व 21 दो दिन मनाएंगे

***20 अक्टूबर को प्रदोष काल, अमावस्या, वृषभ लग्न और निशीथ काल में महालक्ष्मी पूजन के लिए बन रहा सर्वश्रेष्ठ संयोग, कुछ पंडित 21 अक्टूबर को दिवाली मनाने का भी दे रहे तर्क***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिवाली को लेकर एक बार फिर भ्रम की स्थिति बन गई है क्योंकि पंचांग में दो दिन अमावस्या पड़ रही है। कुछ विद्वानों के अनुसार इस बार दिवाली 20 अक्टूबर को मनाई जाएगी, वहीं कुछ पंडित 21 अक्टूबर को दिवाली की सही तारीख बता रहे हैं। क्योंकि इस बार कार्तिक अमावस्या तिथि की शुरुआत 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 44 मिनट पर होगी और तिथि का समापन 21 अक्टूबर को शाम 5 बजकर 55 मिनट पर होगा।

सुख, समृद्धि और सनातन संस्कारों का प्रतीक दीपोत्सव अबकी छह दिनों तक चलेगा। इसकी शुरुआत कार्तिक कृष्णपक्ष त्रयोदशी तिथि से होगा। शनिवार 18 अक्टूबर को धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत होगी। नरक चतुर्दशी 19 अक्टूबर को मनाई जाएगी और दिवाली पर महालक्ष्मी पूजन 20 अक्टूबर को होगा। जबकि 21 अक्टूबर को घरों में उत्सव, गृह पूजन और सामाजिक आयोजन करना श्रेयस्कर रहेगा। गोवर्धन पूजा 22 अक्टूबर और भाई दूज 23 अक्टूबर को मनाया जाएगा। हालांकि अमावस्या की तिथि के अनुसार कुछ विद्वान दिवाली 20 अक्टूबर को मनाने की सलाह दे रहे हैं, जबकि कुछ 21 अक्टूबर को दिवाली मनाने के पक्ष में हैं।



बहादुरगढ़। बाजार में दीपावली की खरीदारी को लेकर चहल-पहल।

### 20 अक्टूबर को बन रहा दुर्लभ संयोग



काशी विद्वत परिषद भी 20 अक्टूबर को दिवाली मनाए जाने को उचित ठहरा चुका है। परिषद के महामंत्री प्रो. रामनारायण द्विवेद्वी द्वारा जारी पत्र के अनुसार सभी की सहमति से 20 अक्टूबर को दिवाली मनाने का फैसला किया गया है। पंडित शिव कुमार पाराशर ने बताया कि धर्मशास्त्रों और ज्योतिष गणनाओं के अनुसार इस बार सोमवार 20 अक्टूबर की रात को ही प्रदोष काल, अमावस्या तिथि, निशीथ काल, वृषभ लग्न और सिद्धि योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है, जो लक्ष्मी-गणेश पूजन के लिए सर्वोत्तम माना गया है।

### दिवाली 21 को शुभ

पंडित महेंद्र शर्मा के अनुसार 18 अक्टूबर को शाम 6.32 बजे से कार्तिक कृष्णपक्ष की त्रयोदशी तिथि लगेगी। इस दिन धनतेरस है। कार्तिक कृष्णपक्ष चतुर्दशी तिथि 19 अक्टूबर को दोपहर 1.55 बजे लगेगी। 20 अक्टूबर दोपहर 2.56 बजे तक चतुर्दशी है। अमावस्या 20 अक्टूबर को दोपहर 3.44 पर होगी और समापन 21 अक्टूबर रात 9.03 पर होगा। श्री मार्तंड पंचांग, शताब्दी पंचांग, निर्णय सागर, पंचांग दिवाकर, श्रीधर प्रमुख पंचांग भी 21 अक्टूबर को ही दिवाली बता रहे हैं। पुरुषार्थ चिंतामणि और तिथि निर्णय जैसे ग्रंथों के अनुसार दूसरा दिन ही दीपावली के लिए उपयुक्त है। कार्तिक शुक्लपक्ष की प्रतिपदा 22 को शाम 6.18 बजे तक रहेगी। इस दिन गोवर्धन पूजा की जाएगी।



## डीसीपी ने बैठक लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

# दीपावली पर सुरक्षा के लिए बहादुरगढ़ में लगाए 19 नाके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दीपावली पर्व सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस ने आवश्यक प्रबंध किए हैं। इसी के तहत बहादुरगढ़ जोन में 19 नाके बनाए गए हैं। इन नाकों पर आने-जाने वाले वाहनों और व्यक्ति की जांच की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त मयंक मिश्रा ने सभी एसीपी, थाना प्रभारियों व क्राइम यूनिट के अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसीपी मयंक मिश्रा ने कहा कि त्योहारी सीजन में नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी थाना क्षेत्र में पीसीआर, राइडर व पैदल गश्त को और अधिक सक्रिय किया जाए ताकि बाजारों, चौक-चौराहों तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सतर्क निगरानी बनी रहे। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला थाना पुलिस की विशेष टीमें भी बाजारों में तैनात रहेंगी। दीपावली के दौरान बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए मुख्य मार्गों और बाजारों में चारपहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। अवैध शराब तस्करी, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, हुड़दंग या शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए।



बहादुरगढ़। बाजार में नाकों के बावजूद लापरवाह वाहन चालकों के कारण जाम से नहीं मिल रही राहत।

### व्यापारियों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

**झज्जर।** त्योहार के चलते बाजार में बढ़ी ग्राहकों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए शहर के व्यापारियों द्वारा सुरक्षा के लिहाज से पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग जिला प्रशासन से की गई है। इस संबंध में शुक्रवार को हरियाणा व्यापार मंडल के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष केशव सिंघल ने व्यापारियों के साथ पहुंच कर डीसी स्वप्निल पाटिल को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि बाजार में बढ़ी भीड़ के चलते छीना झपटी व लूटपाट जैसी अप्रिय घटना ना हो इसके लिए पुलिस गश्त बढ़ाई जानी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ व्यापारी प्रमोद बंसल, गोपाल गोयल, सुनील यादव, वेद आर्य, नरेश बेडवाल, जगदीश, गुलशन शर्मा, अतुल गोयल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



### झज्जर के बाजारों में पुलिस तैनात

**झज्जर।** त्योहारी सीजन को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी सर्तक है। शुक्रवार को ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी बाजार में गाड़ियों को प्रवेश करने से रोकते रहे। बाजार में दुकानों के आगे लगी स्टॉलों के चलते रास्ता संकीर्ण हो गया है। इसलिए गाड़ियां प्रवेश करने पर जाम की स्थिति बन जाती है। अब गाड़ियों पर प्रतिबंध लगने दुकानदारों को राहत मिलेगी।

## मानसिक रूप से परेशान वृद्धा ने फांसी लगाकर दी जान

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव माजरा डी में मानसिक रूप से परेशान एक वृद्धा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान करीब 72 वर्षीय राजपति पत्नी ईश्वर सिंह के तौर पर हुई है।

राजपति अपने पति व बच्चों सहित गांव के ही नए मकान में रहती थी। वह बीमारी से ग्रस्त थी। इस कारण परेशान रहती थी। शुक्रवार की सुबह वह अपने पैतृक मकान की साफ-सफाई करने गई थी। जब वह देर तक नहीं लौटी तो परिजन उसे देखने पहुंचे। वहां राजपति का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## विधायक ने किया एमएमए खिलाड़ी कर्मवीर को गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मानित



**बहादुरगढ़।** सातवीं नेपाल इंटरनेशनल स्कूल स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी कर्मवीर कुमार का विधायक राजेश जून ने सम्मान किया। विधायक ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। नगद धनराशि भेंट कर उत्साह बढ़ाया। दरअसल, कर्मवीर कुमार ने स्कूल स्पोर्ट्स एजुकेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले अंडर-17 आयुवर्ग में एमएमए प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। इसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए उसने गोल्ड मेडल जीता। विधायक राजेश जून ने कहा कि क्षेत्र के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कर्मवीर के परिवार और गुरुजनों को भी इस उपलब्धि की बधाई दी। विधायक राजेश जून ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लें। नायब सरकार ने खिलाड़ियों के लिए रोजगार और सम्मान के द्वार भी खोल दिए हैं। खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धियों के अनुसार नगद इनाम, सरकारी नौकरी और मान-सम्मान मिल रहा है।

## देवीलाल पार्क में माइनर से सटे कई हरे पेड़ काटे, प्रशासन बेखबर





बहादुरगढ़। पार्क में माइनर किनारे काटे गए पेड़।

**बहादुरगढ़।** देवीलाल पार्क से सटी माइनर के किनारे लगे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही है। दर्जनभर से अधिक पेड़ काटे गए हैं, जिनमें कुछ हरे भरे भी थे। पेड़ काटने की इस घटना पर पर्यावरण प्रेमियों ने आपत्ति व नाराजगी जताई है। गांव सांखोल के निवासी मनीष, सुरेंद्र डाबला, विक्रांत डाबला आदि पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि देवीलाल पार्क के साथ माइनर किनारे काफी पेड़ हैं। हाल ही में सूचना मिली कि पार्क में कुछ पेड़ काटे गए हैं। वन विभाग के रेंज आफिसर श्रीभगवान का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। वे इसकी जांच कराएंगे।

## माइनर में कचरा डाला तो 500 रुपये जुर्माना

**बहादुरगढ़।** नहरें जीवनदायिनी होती हैं, लेकिन बहुत से लोग इनमें पूजन सामग्री व कचरा आदि डाल देते हैं। जिससे ये माइनर नाले जैसा रूप ले लेती हैं। इस दिशा में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने संज्ञान लिया है। यदि कोई माइनर में कचरा डालता है तो उस पर 500 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। बोर्ड की ओर से माइनर किनारे साफ सफाई कराने के साथ-साथ चेतावनी बोर्ड लगवाए जा रहे हैं। शुक्रवार को सेक्टर 7 व आसपास माइनर किनारे कई जगह बोर्ड लगाए गए। इसके अलावा पॉलीथिन के प्रति भी जागरुकता लाने किए फ्लैक्स लगाए गए। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने कहा कि नहरें व माइनर पानी के लिए होती हैं।

**सूचना**

हम, धर्मबीर पुत्र श्री मीर सिंह एवं श्रीमती सुदेश पत्नी श्री धर्मबीर निवासी गांव सौलधा, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर बयान करते हैं कि हमारी पुत्री कीर्ति भारद्वाज हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# 11 वर्षों में हरियाणा में स्थापित हुए प्रगति के नए आयाम : धनखड़

***भाजपा सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर जन विश्वास-जन विकास समारोह***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मुख्यातिथि ओमप्रकाश धनखड़ एवं अन्य।

पिछले 11 वर्षों में हरियाणा प्रदेश में भाजपा नेतृत्व की सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार जन विश्वास को जन विकास की शक्ति में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बात राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित जिलास्तरीय जन विश्वास-जन विकास समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी, पूर्व चेयरमैन मनीष शर्मा मौजूद रहे।

## केएमपी टोल के पास सड़क किनारे खड़े खराब ट्रक से टकराया दूसरा तेज रफ्तार ट्रक

# केएमपी पर हादसे में दो भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली में केएमपी टोल के नजदीक शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क किनारे खड़े ट्रक से एक तेज रफ्तार ट्रक टकरा गया। इस हादसे में लिफ्ट लेकर ट्रक में सवार हुए दो भाइयों की मौत हो गई, जबकि दो घायल हो गए। बादली थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान किशन व करण के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई राजस्थान के धौलपुर जिले के रहने वाले थे, जबकि घायल इन्हीं का साथी रामहेत तथा अज्ञात ट्रक चालक हुआ है। पुलिस को दी शिकायत में रामहेत ने कहा कि अपने दोस्त किशन व करण के साथ वह गांव लौट रहा था। उन्होंने आसौदा केमएपी से ट्रक चालक से लिफ्ट ली थी। चालक गाड़ी को तेज गति में चला रहा था। कई बार कहने के बाद भी उसने गति संयमित नहीं की। जैसे ही बादली टोल के पास पहुंचे तो वहां सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था, जिसका टायर फटा हुआ था। आरोपी चालक ने सीधी उस ट्रक में टक्कर मार दी। भीषण टक्कर में चारों चोटिल हो गए। मेरे साथी किशन व करण की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कराई। शवों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया तो वहीं, घायल रामहेत को झज्जर के अस्पताल में भर्ती कराया गया। रामहेत के बयान पर बादली थाना पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में गई थी ढाबा मालिक की जान

**बहादुरगढ़।** रोहतक-दिल्ली रोड पर केएमपी आसौदा के निकट मिले बुजुर्ग के शव की शिनाख्त हो गई। मृतक बुजुर्ग गांव रोहद का रहने वाला था और सड़क हादसे में उसकी जान गई। परिजनों के बयान पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 65 वर्षीय जगबीर सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को दी शिकायत में रोहद के निवासी सुनील का कहना है कि आसौदा मोड़ के पास उन्होंने ढाबा कर रखा है। गत 15 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे पिताजी ढाबे से घर के लिए निकले थे लेकिन पहुंचे नहीं। इसके बाद हमने तलाश शुरू की। इस दौरान पता चला कि पिताजी का एक्सीडेंट हुआ था। कोई अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मार गया। फिर अस्पताल में पहुंचे तो शव की शिनाख्त की। वहीं पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की रही है।

**NOTICE**

I, Hardeep Singh S/o Mahinder Singh R/o Dharam Vihar Coloney, Bahadurgarh, Distt. Jhajjar, Haryana-124507 declare that I have lost my sale deed no. 134 dated 09.04.1997 somewhere in Dharam Vihar Bahadurgarh on dated 01.09.2025 at 18.30 P.M.

## चार दिवसीय बाल महोत्सव का समापन, विजेता प्रतिभागियों का सम्मान

# बाल महोत्सव के विजेता राज्यस्तरीय स्पर्धा में जाएंगे

- जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष स्वप्निल मोहिनी पाटिल ने सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शुक्रवार को चार दिवसीय बाल महोत्सव का समापन हो गया। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष स्वप्निल मोहिनी पाटिल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मुख्यातिथि ने बच्चों की परफॉर्मेंस देखकर उत्साहित होते हुए संदेश दिया कि बच्चों में इसी प्रकार का जुनून होना चाहिए और जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने बताया कि जिला स्तर पर समूह नृत्य, एकल नृत्य, एकल क्लासिकल, क्विज, समूह गान, एकल गान में विजेता प्रथम और द्वितीय स्थान पर आने वाली टीमें मंडल स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेंगी। फैंसी ड्रैस, क्ले मॉडलिंग, दीया मोमबत्ती सजावट, कार्ड मेकिंग, स्केचिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, थाली पूजन, कलश सजावट, मनोरंजक खेल, रंगोली, हस्तलेखन और सर्वश्रेष्ठ ड्रामेबाज की जिला स्तरीय प्रतियोगिता में इवेंट और ग्रुप वाइज प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहने वाली टीमें व प्रतिभागी सीधे राज्य प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।



झज्जर। समापन अवसर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वप्निल मोहिनी पाटिल।

## बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ ने मनाया दिवाली मिलन समारोह, ग्रीन दिवाली का आह्वान



**बहादुरगढ़।** शुक्रवार को बार एसोसिएशन बहादुरगढ़ की ओर से दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित न्यायधीशों ने सभी से पटाखों और प्रदूषण के बगैर क्लीन एंड ग्रीन दिवाली मनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसोसिएशन के प्रधान रवीन छिल्लर ने की। कार्यक्रम में फैमिली कोर्ट के प्रिंसिपल जज प्रवीन लाल, एसडीजेएम विवेक तोमर, जेएमआईसी सुमन, जेएमआईसी असीमा गर्ग और जेएमआईसी मनीषा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। प्रधान रवीन छिल्लर के साथ एसोसिएशन के सचिव कपिल भारद्धाज, उपप्रधान राकेश चंद्र, लाइब्रेरियन एवं कोषाध्यक्ष चिराग कौशिक तथा संयुक्त सचिव इंदु राठी आदि ने सभी न्यायधीशों का स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता अमित छिकारा, संदीप दागर, प्रशांत और सुरेंद्र लोहचब आदि मौजूद रहे। समारोह के दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

**PUBLIC NOTICE**

**In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**

**Surender Kumar etc. Versus Jai Parkash etc.**

Case N.625/25, Khewat No. 396/305

To

1. Jai Parkash S/o Bhim Singh S/o Moti 2. Santosh 3. Sunita Ds/o Narender Singh S/o Sultan Singh 4. Smt. Prem d/o Satbir Singh S/o Sultan 5. Madhu D/o Satbir Singh S/o Sultan 6. Sagar S/o Kuldeep S/o Bhim Singh 7. Bimla Wd/o Kuldeep S/o Bhim Singh 8. Rajesh 9. Rakesh Ss/o Ramesh Chander S/o Bhim Singh

All R/o Village Dehkora, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 03.11.2025 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.

Given under my hand and the seal of the court.

**AC 1st Grade, Bahadurgarh**


Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET
DISCOUNT UPTO 80% OFF
ON SHOPPING OF ₹4999 & ABOVE ₹2 2KG SUGAR
BIGGEST Diwali SALE
8 OCT. TO 20 OCT.
ROHTAK BAHADURGARH JHAJJAR DIGHAL SAMPLA GOHANA KARNAL SONIPAT
REAL FRUIT JUICE
25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.
PRO V DRY FRUITS
BUY 1 GET 1 FREE
PRO V GIFT PACK - ALMOND - CASHEW - PISTA - RAISINS
PARLE
BUY 1 GET 1 FREE
PARLE - GIFT PACKS
FRESCA JUICE
upto 66% OFF
HAZAM JEERA - JUICE - CELEBRATING MEMORIES JUICE
HALDIRAM'S
upto 15% OFF
CHATPATI BAATEIN - KABHI KHATTA KABHI MEETHA - SWEET & SPICY
WOW VILLAGE
BUY 1 GET 2 FREE
BESAN BURFI - PANJIRI LADDO - KAJU KATLI - RASGULLA
CADBURY
upto 20% OFF
CADBURY CELEBRATIONS GIFT PACK
McVitie's
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
UNIBIC
BUY 1 GET 1 FREE
Gift Pack - Cookies - Biscuits - Chocolate & More.
BUY 1 GET 1 FREE
HALDIRAM'S
BESAN LADOO & PANJEERI LADOO
BTW GIFT PACK
BUY 1 GET 1 FREE
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA
SATMOLA
BUY 1 GET 1 FREE
RASGULLA - SOAN PAPDI - NAMKEEN
BAJAJ
upto 40% OFF
MIXER - JUICE MAKER - IRON - KETTLE AND MORE.
LUMINARC
upto 40% OFF
CROCKERY AND GLASSWARE
upto 70% OFF
BOUNVILLE BEDSHEETS
CHINAR
upto 40% OFF
BEDSHEETS - YOGA MAT - PILLOW - MAT -TOWELS AND MORE.
MILTON
upto 50% OFF
MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE
Bahadurgarh Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh. Contact: +91-9992296899
Dighal Sampla Beri Road, Dighal. Contact: +91-7419202127
Sonipat ITI Chowk, near Sai Mandir, Bhagat Pura, Sonipat, Haryana 131001 Contact: +91 90530 87555
Sampla Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla. Contact: +91-8930062800
Rohtak Near D2M Hotel, New Bus stand road, Rohtak, Haryana. Contact: +91-81999 99480
Karnal Address: Elenta Mart, Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal. Contact: +91-9053086555
Jhajjar W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar. Contact: +91-8750187531
Gohana Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana. Contact: +91-7419002626
Rohtak Model Town Near Apex Plus Super Speciality Hospital, Model Town, Near Kailash Ashram, Rohtak. Contact: +91-9350999480
TERMS & CONDITION : PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME*ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHER BESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS. *All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.
FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart